NAV BHARAT JAGRITI KENDRA
*Newsletter*

NBJK

नव भारत जागृति केन्द्र
सूचनापत्र

July - September, 2019 | www.nbjk.org | जुलाई - सितम्बर, 2019

## Providing Sustainable Livelihood to Youths

NBJK partnered with Axis Bank Foundation (ABF), Mumbai in October 2014 for the program of Providing Sustainable Livelihood to Youths-PSLY which works through Rojgar Training Centres-RTCs with aim to provide vocational training and soft skills to unemployed youths. There are 13 RTCs at Deoghar, Dumka, Dhanbad, Jamshedpur, Giridih, Koderma, Hazaribag, Ramgarh, Ranchi (03 centres), Khunti and Gaya. At Chakla (Ranchi), trainees have residential facility.These RTCs cover trades like BSPA (Bed Side Patient Attendant), Beautician, Tailoring, Electrician, Basic Computer Applications, Tally, Hardware Networking, Mobile Repair, ITES (Information Technology Enabled Services), Driver, Security Guard, Welding & Fitter Fabrication etc in 3 months course for each. The program's target was to train 21,600 youths over the period of 4 years which ended in September 2018.

PSLY, the program was created with one of the objectives as to check unemployment and forced migration amid disadvantaged youths, to enhance socio-economic stability for vulnerable classes and to facilitate skilled human resources towards employers. It promotes employability skills, placement services and self-employment measures.



The program strategy is comprised of the components like market scan to identify job needs and curriculum development accordingly. It covers recruitment of required faculty, mobilization process, students' enrolment, their training (theory & practical), placement process & tracking, alumni feedback & findings etc. Under mobilization activity, NBJK has increased program's geographical area and used canopy, newspaper insert, poster, road show & meeting. With backup of quality training at RTCs, it worked well. For placement, it began with more enrolment, skill training to more youths and maintained better relation with employers through guest lecture, campus interview, and alumni feedback from job site with support of a skilled placement team. Also the event like Rojgar Mela (Job fair) motivated employers to pick right person for them. For value added training, NBJK adopted new teaching technique from *Tata Strive* which provides new teaching-learning methodology for soft skills classes, personality development, time management and job interview etc. Also the activities of feedback session, smart class, communicative English, exposure, meeting (with parents, alumni, employers) contributes to the program. Recently RTCs have introduced some new trades like electrical wiring, plumbing, beauty therapy and tally.

Till March 2019, PSLY has trained 23,291 youths in different trades and about 60% are placed or have started their own business. Among these placed/self-employed youths 52% are females and 48% are males. Despite various constraints, the program ensured skilled work force, gender equality and reduced forced migration/trafficking of disadvantaged youths from operational areas.

## युवाओं हेतु सतत आजीविका कार्यक्रम

एक्सिस बैंक फाउंडेशन, मुंबई की सहायता से नव भारत जागृति केन्द्र द्वारा युवाओं हेतु सतत आजीविका कार्यक्रम की शुरुआत अक्टूबर 2014 में हुई थी, जो रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से काम करता है और जिसका मकसद बेरोजगार युवाओं को व्यावसायिक और सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि उन्हें रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ा जा सके. कार्यक्रम के तहत देवघर, दुमका, धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, रांची (03 केन्द्र), खूंटी और गया जिलों में कुल 13 रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है. चकला (रांची) केन्द्र में आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा है. इन रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों में बेड साइड पेशेंट अटेंडेंट (बीएसपीए), ब्यूटिशियन, टेलरिंग, इलेक्ट्रीशियन, बेसिक कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, टैली, हार्डवेयर नेटवर्किंग, सेल फोन मरम्मत, आइटीइएस (इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इनेबल्ड सर्विसेज), ड्राईवर, सिक्योरिटी गार्ड, वेल्डिंग एंड फिटर फेब्रिकेशन जैसे अनेक तिमाही रोजगारोन्मुखी ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य 4 वर्ष की अवधि में (सितम्बर 2018 तक) कुल 21,600 युवाओं को प्रशिक्षित करना था.

युवाओं हेतु सतत आजीविका कार्यक्रम को कमजोर वर्ग के युवाओं के बीच से बेरोजगारी हटाने, जबरन पलायन को नियंत्रित करने, सामाजिक–आर्थिक स्थायित्व और नियोजकों को कुशल कर्मियों की उपलब्धता जैसे लक्ष्यों को हासिल करने के हिसाब से बनाया गया है. यह प्रशिक्षुओं में रोजगार प्राप्ति हेतु जरूरी कौशल विकास, नियोजन सेवा और स्वरोजगारी गतिविधियों को बढ़ावा देता है.

कार्यक्रम की रणनीति में अनेक पहलुओं जैसे रोजगार सम्बन्धी जरूरतों को समझने के लिए बाजार सर्वेक्षण और तदनुसार पाठ्यक्रम विकास को जगह दी गयी है. इसमें आवश्यकतानुसार फैकल्टी बहाली, मोबिलाइजेशन प्रक्रिया, प्रशिक्षुओं का नामांकन, उनका सैद्धांतिक–व्यावहारिक प्रशिक्षण, नियोजन और उसके बाद नियोजित युवाओं से संपर्क बनाये रखने का काम, पूर्व प्रशिक्षित युवाओं का फीडबैक, उनकी उपलब्धि का अवलोकन जैसी तमाम गतिविधियाँ शामिल हैं. मोबिलाइजेशन गतिविधि के तहत नभाजाकेंद्र ने कार्यक्रम की भौगोलिक पहुँच को बढ़ाने का प्रयास किया है और छतरी के नीचे अस्थायी स्टाल, अखबारों के जरिये कार्यक्रम सम्बन्धी परचा वितरण, रोड शो, बैठक आदि के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाती है. प्रशिक्षण का स्तर बेहतर रहने से ऐसे प्रयास सफल हुए हैं. अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कार्यक्रम के तहत ज्यादा युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, संभावित नियोक्ताओं से बेहतर सम्बन्ध, अतिथि व्याख्यान, कैंपस साक्षात्कार, कार्यस्थल से पूर्व प्रशिक्षित युवाओं के फीडबैक जैसी गतिविधियों के साथ कुशल नियोजन टीम की मदद ली जाती है. रोजगार मेले भी लगाये जाते हैं, जिनसे नियोक्ताओं का उत्साह बढ़ता है और वो सही कार्यकर्ता चुनते हैं. प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नभाजाकेंद्र ने टाटा स्ट्राइव की मदद लिया है, जो सॉफ्ट स्किल कक्षाओं के लिए नये तरीके की शिक्षण–पठन सामग्री उपलब्ध करवाते हैं और व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, नियोजन साक्षात्कार सम्बन्धी जानकारी भी देते हैं. इसके अलावा फीडबैक सत्र, स्मार्ट क्लास, बोलचाल की अंग्रेजी, एक्सपोजर, अभिभावक–पूर्व प्रशिक्षु–नियोक्ता बैठकों से भी कार्यक्रम को बेहतर बनाने में मदद मिली है. अब रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों में बिजली वायरिंग, प्लंबिंग, ब्यूटी थेरेपी, टैली जैसे नये ट्रेड्स के प्रशिक्षण भी उपलब्ध हैं.

युवाओं हेतु सतत आजीविका कार्यक्रम अंतर्गत मार्च 2019 तक कुल 23, 291 युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया गया है और लगभग 60% नियोजित हैं अथवा स्वरोजगार से जुड़े हैं. इन नियोजित अथवा स्वरोजगारी युवाओं में 52% महिला और 48% पुरुष हैं. विभिन्न चुनौतियों के बावजूद इस कार्यक्रम ने कुशल कार्यबल की आवश्यकता को पूरा करने के साथ–साथ लैंगिक असमानता दूर करने, पलायन और अवैध मानव व्यापार पर अंकुश लगाने का काम भी किया है.

## Certificate & Placement for *Skill for Life* Trainees

15 July 2019, Amrit Nagar (Hazaribag): The trainees of *Skill for Life* program with support of Swades Foundation-Mumbai have received course completion certificates and placement offers after their training in the trades of General Duty Assistant (GDA), Basic Computer Applications (BCA) and Cell Phone Servicing. The program offers two months residential & practical training to youths and most of them get placement too. In passing out ceremony, Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) conferred certificates to the trainees and appealed to join their first job positively as work experience opens new avenues. He instructed the youths, especially female trainees to call immediately in case of any problem at work place. Mr. Prabhu Nath Sharma (Program In-charge & Treasurer-NBJK) focused upon discipline and interest to get success in any work. He conveyed his best wishes to the youths and asked to refine their skills for better opportunity. There were 38 trainees in this batch and 23 are already placed at Ranchi, Koderma, Barhi, Bishnugarh, Bagodar and Hazaribag. The event was contributed by program team comprised of Mr. Om Prakash Gupta, Mr. Vikram Kumar, Mr. Anurag and Mrs. Sunita.



## स्किल फॉर लाइफ प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और नियोजन

15 जुलाई 2019, अमृतनगर (हजारीबाग): स्वदेश फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से एनबीजेके संचालित ***स्किल फॉर लाइफ*** प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षुओं के बीच पाठ्यक्रम समाप्ति के बाद प्रमाणपत्र वितरित किये गए. दो महीने के इस आवासीय प्रशिक्षण में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, बेसिक कंप्यूटर एप्लीकेशन्स और मोबाइल मरम्मत ट्रेड्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है और अधिकांश प्रशिक्षणार्थियों का नियोजन भी हो जाता है. प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र देते हुए संस्था के सचिव श्री सतीश गिरिजा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद मिल रहे पहले काम को अवश्य पकड़ें, क्योंकि अनुभव प्राप्ति के बाद नये अवसर मिलते हैं. उन्होंने कार्यस्थल पर कोई भी समस्या होने से तत्काल फोन करने का निर्देश प्रशिक्षुओं को दिया. कार्यक्रम के प्रभारी और संस्था कोषाध्यक्ष श्री प्रभुनाथ शर्मा ने कहा कि अनुशासन और रूचि के साथ किसी भी काम में सफलता प्राप्त की जा सकती है. इन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहाँ प्राप्त कौशल को निखारने से बेहतर अवसर मिलेंगे. इस बैच में जीडीए और बीसीए के कुल 38 प्रशिक्षुओं में 23 का नियोजन हो चुका है, जिन्हें रांची, कोडरमा, बरही, विष्णुगढ़, बगोदर और हजारीबाग में काम मिला है. प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजन में कार्यक्रम टीम के श्री ओमप्रकाश गुप्ता, श्री विक्रम कुमार, श्री अनुराग और श्रीमती सुनीता की प्रमुख भूमिका थी.

## FCC Sub-Committee Meeting

30 July 2019, Hazaribag: Central Social Welfare Board-New Delhi & Jharkhand State Social Welfare Board-Ranchi supported Family Counselling Centre, Hazaribag by NBJK has called it's sub-committee meeting at Women Police Station, Hazaribag. Mrs. Rita Kachchap (Officer In-charge, WPS) presided the meeting and suggested for police intervention if reconciliation is not possible by mutual consent. Other members have expressed concern over fulfilment of the conditions set for any victim as per the agreement. The sub-committee members advised to create women cell at other police stations in district to settle down family disputes. Mrs. Meera Gupta (Counsellor) has placed FCC's quarterly report for May-July'19 before the sub-committee and said about 39 cases registered during the period. There were cases of marital dispute (15), alcoholic violence (12), quarrel with son & daughter-in-law (07), land dispute (03), extra marital relation (01), dowry demand (01) and 12 cases have been resolved with consent of both the parties. The meeting was participated by Mrs. Munni Kumari Devi (ASI), Ms Veena Sethi, Mr. Tulsi Dubey, Mr. Arvind Jha (advocates), Usha Bahen (Anupam Mahila Chetna Samiti), Mr. Chandan Kumar (Stri Shakti) and Mr. Sanjay Kumar (Counsellor).



## परिवार परामर्श केन्द्र उपसमिति बैठक

30 जुलाई 2019, हजारीबागः केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नयी दिल्ली और झारखण्ड राज्य समाज कल्याण बोर्ड, राँची के सहयोग से नव भारत जागृति केन्द्र संचालित परिवार परामर्श केन्द्र की उपसमिति बैठक का आयोजन महिला थाना प्रभारी श्रीमती रीता कच्छप की अध्यक्षता में हुई. थाना परिसर में हुई बैठक के दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि प० प० केन्द्र में आए किसी मामले में यदि आपसी सहमति के आधार पर सुलह नहीं हो तो महिला थाना से सहयोग लेना चाहिए. अन्य सदस्यों ने कहा कि पीड़ित पक्ष के घर जाकर सुलहनामा की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए. उपसमिति सदस्यों ने थाना स्तर पर महिला कोषांग के गठन का भी सुझाव दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा घरों को बसाया जा सके. परिवार परामर्शी मीरा गुप्ता ने उपसमिति सदस्यों के सामने मई–जुलाई'19 के दौरान केन्द्र के समक्ष आए मामलों का विवरण देते हुए कहा कि इस अवधि में पति–पत्नी विवाद के 15, शराब पीकर मारपीट सम्बन्धी 12, बेटा–बहू के साथ विवाद के 07, जमीनी विवाद के 03, दूसरी महिला से सम्बन्ध का 01 और दहेज सम्बन्धी 01 मामला सहित कुल 39 मामले आए, जिनमें से 12 मामलों का समाधान दोनों पक्षों से बातचीत के आधार पर किया गया है. बैठक में स० नि० मुन्नी कुमारी देवी, सुश्री वीणा सेठी, श्री तुलसी दूबे, श्री अरविन्द झा (अधिवक्तागण), श्री उषा बहन (अनुपम महिला समिति), श्री चन्दन कुमार (स्त्री शक्ति), श्री संजय कुमार (परामर्शदाता) शामिल थे.

## Child Reporters Program Activities

July-August 2019, Ranchi: Under the program of Child Reporters with support of UNICEF-Jharkhand, various events took place during the period. On 17 July, a BalCharcha at Kanke block was participated by 26 Child Reporters, 03 teachers, 03 Mukhiyas, BPO & CDPO of the block. On 19 July, 29 Child Reporters from Namkum, Sidraul & Bargawan interacted with local Media Persons at Namkum Buniyadi School. Likewise in teachers' sensitization workshop on 23 July at hotel Capitol Hill, 75 participants have taken oath to end Child Marriage. On the occasion of UNICEF's 70 years in India, 35 Child Reporters from 22 Govt. Middle Schools have met Smt. Droupadi Murmu, Hon. Governor of Jharkhand on 8 August. The Child Reporters shared success stories against Child Marriage-Child Labour, raised questions about lack of 10+2 schools and Skill India training in villages. On 29 August, BalCharcha held at Panchayat Secretariat premises of Chakla (Ormanjhi, Ranchi). The child reporters have stated about child rights and recited songs against Child Marriage. Mrs. Sushmita Bhattacharji (Program Manager, NBJK) briefed about the program upon realization of Child Rights across 05 blocks of Ranchi district.



## चाइल्ड रिपोर्टर्स कार्यक्रम की गतिविधियां

जुलाई–अगस्त 2019, रांचीः यूनिसेफ–झारखण्ड के सहयोग से नभाजाकेन्द्र संचालित चाइल्ड रिपोर्टर्स कार्यक्रम अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन हुआ है. 17 जुलाई को कांके प्रखंड में आयोजित बालचर्चा में 26 बाल पत्रकार, 03 शिक्षक, 03 मुखिया, बीपीओ और सीडीपीओ शामिल थे. 19 जुलाई को नामकुम बुनियादी विद्यालय में नामकुम, सिदरौल और बरगावां के 29 बाल पत्रकारों को स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू कराया गया. इसी प्रकार 23 जुलाई को होटल कैपिटल हिल, रांची में आयोजित स्कूली शिक्षकों की संवेदीकरण कार्यशाला में 75 प्रतिभागियों ने बाल विवाह समाप्ति की शपथ लिया. भारत में यूनिसेफ के 70 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 8 अगस्त को जिला के 22 सरकारी मध्य विद्यालयों से 35 बाल पत्रकारों ने झारखण्ड की माननीया राज्यपाल श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बाल विवाह–बाल श्रम से बचने का अनुभव बताया और ग्रामीण क्षेत्रों में 10+2 स्कूलों और स्किल इंडिया प्रशिक्षण के अभाव की जानकारी दिया. 29 अगस्त को चकला (ओरमांझी, रांची) पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित बालचर्चा के दौरान बाल पत्रकारों ने बच्चों के अधिकार पर विचार रखा और बाल विवाह के खिलाफ जागरण गीत गाया. श्रीमती सुष्मिता भट्टाचार्जी (कार्यक्रम प्रबंधक, नभाजाकेन्द्र) ने रांची जिला के 5 प्रखंडों में संचालित बाल पत्रकार कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की अधिकार सुरक्षा पर प्रकाश डाला.

## NBJK Celebrates Independence Day

15 August 2019, Hazaribag & Other Places: NBJK celebrates nation's 73rd Independence Day with full dignity and enthusiasm. Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) hoisted national flag at coordination office, village-Amrit Nagar, Hazaribag and greeted the people. He praised all martyrs those sacrificed everything for motherland without any bias of language, religion or culture. NBJK respects such feelings and realizing their dream through people oriented programs, he said. Mr. Satish Girija paid his respect to Mahatma Gandhi, appealed for water conservation and warned about climate change. At NBJK-Khunti, women directors of Murhu Nari Shakti Kisan Producer Co. Ltd have hoisted the tricolor. The day was observed ardently at Patna, Koderma, Churchu, Chouparan, Dumka, Bodhgaya branches along with organization run schools, LNJP Eye Hospital and project villages of SBI GramSeva in Deoghar-Chakai blocks. All branch managers, program staffs, teachers & children have celebrated Independence Day with much fervor.



## नभाजाकेन्द्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह

15 अगस्त 2019, हजारीबाग व अन्य स्थानः नव भारत जागृति केन्द्र परिवार ने राष्ट्र के 73वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूर्ण गरिमा और सम्मान के साथ मनाया. श्री सतीश गिरिजा (सचिव, नभाजाकेन्द्र) ने संयोजन कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज को लहराया और राष्ट्र गान के बाद अपने संबोधन में उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दिया. श्री सतीश गिरिजा ने एक स्वतन्त्र भारत के लिए अपना सर्वस्व लुटा देने वाले शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उन महान देशभक्तों ने अपनी मातृभूमि को भाषा, धर्म या संस्कृति सम्बन्धी पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर देखा था. उन्होंने कहा कि नभाजाकेन्द्र उस भावना का सम्मान करते हुए विभिन्न लोकोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने में जुटा है. श्री सतीश गिरिजा ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए लोगों से जल संरक्षण की अपील किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन का खतरा पूरी दुनिया पर मंडरा रहा है. नभाजाकेन्द्र, खूंटी में संस्था द्वारा प्रोत्साहित मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्युसर कं० लि० की महिला निदेशकों ने तिरंगा लहराया. इस विशेष दिवस को नभाजाकेन्द्र की पटना, कोडरमा, चुरचू, चौपारण, दुमका, बोधगया शाखाओं के अलावा संस्था संचालित विद्यालयों, लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल और एसबीआइ ग्रामसेवा परियोजना गांवों (देवघर सदर और चकाइ प्रखंड) में मनाया गया, जिसमें सम्बन्धित शाखा प्रबंधक, कार्यकर्तागण, शिक्षकों–बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

## Convention on Message of Gandhi

23 September 2019, Ranchi: During 150th birth anniversary year of Mahatma Gandhi, Jharkhand State Lok Samiti and NBJK organized a convention upon "Gandhi Ka Sandesh" (Message of Gandhi). Mr. Ivan Nutbrown, a British Gandhian and an admirer of India, was the chief guest of this event. He said that there was a divided psyche upon Gandhi in UK & Europe which shown us one Churchill calling him a half naked fakir and simultaneously made thousand of British labourers his fans. Mr. Nutbrown called Gandhi as an inspiration for western liberals and mentioned about Gandhian groups for environment protection. On this occasion, Mr. Girija Satish (National President, Lok Samiti) described Gandhi as a complete great personality who touched almost every aspect of human life. He was religious but not communal; Mr. Girija said and lighted upon 11 vows of Gandhi, concept of Trusteeship and rational development. The national president of Lok Samiti stated that Gandhi is our strength against the rising incidents of mob lynching, liquor led crimes and violence. He suggested for organizing goodwill programs on 150th anniversary year of Gandhi. Also Messrs Wazir Ahmad (vice-president, JSLS), K. G. Azad (national co-ordinator, Lok Samiti), Shailendra Mishra, Dr. Viswanath Azad, Narendra Mahto, Manoj Dangi, Rajeev Singh, Shankar Rana and others have expressed their views.



## "गांधी का सन्देश" सम्मेलन

23 सितम्बर 2019, राँचीः महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर झा. प्र. लोक समिति और नभाजाकेन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में "गांधी का सन्देश" विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिटिश गांधीवादी और भारतप्रेमी श्री आइवन नटब्राउन थे, जिन्होंने यूके–यूरोप में गांधी पर एक विभाजित मानसिकता की चर्चा करते हुए कहा कि वहां उन्हें अधनंगा फकीर कहने वाले चर्चिल के साथ गांधी की अच्छाई से प्रभावित हजारों ब्रिटिश मजदूर भी थे. श्री नटब्राउन ने गांधीजी को पश्चिमी उदारवादियों का प्रेरणास्रोत बताते हुए ब्रिटेन में गांधीवादी पर्यावरण सुरक्षा समूहों का जिक्र किया. इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक समिति के अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने गांधीजी को एक सम्पूर्ण महामानव बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन के हर पक्ष को छुआ है और वो साम्प्रदायिक नही बल्कि धार्मिक थे. गांधीजी के 11 व्रत, ट्रस्टीशिप सिद्धान्त और विवेकपूर्ण विकास सम्बन्धी गांधीवादी अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मॉब लिन्चिंग, शराब और हिंसक घटनाओं के खिलाफ गांधीजी हमारी ताकत हैं और उनकी 150वीं जयन्ती पर देश स्तर पर सद्भावना कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए. सम्मेलन को सर्वश्री वजीर अहमद (उपाध्यक्ष, झाप्रलोस), कौशल गणेश आजाद (राष्ट्रीय संयोजक, रालोस), शैलेन्द्र मिश्र, डॉ० विश्वनाथ आजाद, नरेन्द्र महतो, मनोज दांगी, राजीव सिंह, शंकर राणा (संयोजक, झाप्रलोस) एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया.

## Usha Tailoring Training for Rural Women

27 September 2019, Amrit Nagar (Hazaribag): Under Swawlamban project of Usha International Ltd. with support of SIDBI, one week residential training for women on sewing machine maintenance & tailoring took place at NBJK co-ordination office. Mr. Girija Satish (President, NBJK) inaugurated the event and said that a number of women skilled with tailoring are contributing for development of their families and society. Mr. Prabhu Nath Sharma (Treasurer, NBJK) confirmed that Usha Silai School program enabled women to raise their earnings and trained women have monthly income of Rs. 3,500-8,000. Mr. Ritesh Lohani (Program Officer, Usha International Ltd.) requested the trainees to know about the sewing machine and its functioning while Ms Guneet (Training In-Charge, U. I. Ltd.) informed about tailoring training to more than 4 lakhs women through 21 thousand Usha Silai Schools across India. The trainers' team was comprised of Mrs. Sandhya Agrawal, Mr. Kamaljit, Mr. Vimal Taank, Mr. Balveer Sharma and Mr. Shailesh Kumar and Mr. Bhuneshwar Prasad from NBJK have contributed to organize the training. There were 35 women from villages like Baiheri, Sankhiya, Kani Mundwar, Mandai Khurd, Jinga, Amli, Goplo, Basobar and others who participated in the training.



## ग्रामीण महिलाओं को उषा सिलाई प्रशिक्षण

27 सितम्बर 2019, अमृतनगरः नभाजाकेन्द्र में उषा इंटरनेशनल लि० और सिडबी के सहयोग से ***स्वावलंबन*** परियोजना अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं हेतु उषा सिलाई प्रशिक्षण शुरू हुआ. एक सप्ताह के इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एनबीजेके अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता में टेलरिंग कौशल महत्वपूर्ण है और इसकी जानकार महिलाएं परिवार–समाज के विकास में बेहतर योगदान दे रही हैं. कोषाध्यक्ष श्री प्रभुनाथ शर्मा ने बताया कि उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम से महिलाओं की आय वृद्धि में मदद मिली है और पूर्व प्रशिक्षित महिलाएं 3500–8000 रु० तक की मासिक आमदनी कर रही हैं. उषा कम्पनी के कार्यक्रम पदाधिकारी श्री रीतेश लोहानी ने प्रशिक्षु महिलाओं से सिलाई मशीन की बनावट, कार्य प्रणाली समझने का आग्रह किया और प्रशिक्षण प्रभारी सुश्री गुनीत ने पूरे देश में महिला संचालित 21 हजार उषा सिलाई स्कूलों के माध्यम से 4 लाख से ज्यादा महिलाओं के प्रशिक्षण की जानकारी दिया. प्रशिक्षक टीम में श्रीमती संध्या अग्रवाल, श्री कमलजीत, श्री विमल टांक, श्री बलवीर शर्मा शामिल थे जबकि कार्यक्रम आयोजन में नभाजाकेन्द्र के श्री शैलेश कुमार, श्री भुनेश्वर मेहता सक्रिय रहे. प्रशिक्षण में बैहरी, संखिया, कानी मुंडवार, मंडइ खुर्द, जिनगा, अमली, गोपलो, बासोबार आदि गांवों से 35 महिलाओं ने भाग लिया.

## Letter of Appreciation to LNJPEH, 100 Cataract Surgery Sponsored by MM Foundation

28 September 2019, Dumka-Hazaribag: On first anniversary of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, NBJK run Lok Nayak Jay Prakash Eye Hospital-Dumka has been honoured with a Letter of Appreciation from the Regional Dy. Director & the Commissioner of Santhal Pargana Commissionary for its excellent performance under this National Health Protection Scheme. Apart from the base hospital, LNJPEH provides eye care services to remote villages by organizing eye screening camps and established a vision centre at Godda. During the year 2018-19, overall achievement of LNJPEH Dumka is quite encouraging with 18273 OPD, 374 camps, 3251cataract surgery and distribution of 2196 spectacles among needy people. Besides this, LNJP Eye Hospital-Bahera (Hazaribag) has organized eye screening camps at Shivganj, Aamas, Rajabigaha and Chandiasthan in Gaya district of Bihar during the week. The medical team identified and selected 100 cataract suffering people there for surgery. All those were operated successfully and their eye sight has been restored. Pune based Mukul Madhav Foundation and Finolex Pipes have supported the initiative.


आयुष्मान् भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना
प्रथम वर्षगांठ प्रमंडल स्तरीय सम्मान समारोह 2019



## लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल को प्रशस्तिपत्र, 100 मोतियाबिन्द सर्जरी में मुकुल माधव फाउंडेशन सहयोगी

28 सितम्बर 2019, दुमका–हजारीबागः आयुष्मान भारत प्रधान मन्त्री जन आरोग्य योजना की पहली वर्षगांठ के अवसर पर नभाजाकेन्द्र संचालित लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल–दुमका को इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु संथाल परगना प्रमण्डल के आयुक्त और क्षेत्रीय उपनिदेशक की ओर से एक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. आँख अस्पताल की ओर से दुमका में सेवा देने के साथ सुदूर गांवों में नेत्र जांच शिविरों के आयोजन और गोड्डा स्थित नेत्र जांच केन्द्र के जरिये लोगों का इलाज किया जाता है. वर्ष 2018–19 के दौरान इसकी उपलब्धियों में 18 हजार से अधिक ओपीडी, 374 नेत्र जांच शिविर, 3251 मोतियाबिन्द सर्जरी, 2196 चश्मा वितरण प्रमुख हैं. दूसरी ओर लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल–बहेरा (चौपारण, हजारीबाग) की ओर से गया जिला के शिवगंज, आमस, राजाबिगहा, चंडीस्थान में आयोजित नेत्र जांच शिविरों द्वारा मोतियाबिन्द के 100 रोगियों की पहचान कर अस्पताल में सफल ऑपरेशन हुआ. इस कार्य में पुणे स्थित मुकुल माधव फाउंडेशन और फिनोलेक्स पाइप्स का सहयोग मिला था.

# CASE STUDY केस स्टडी

## Struggle for better livelihood

Pinky Singh is daughter of Shri Naresh Singh, She is 22 year old. She lives with her parents at Dhanbad and she has a brother. Her family's financial condition was not good. Besides joining Rojgar Training Centre–Dhanbad, she was a home tutor of some school children. She came to know about RTC from one of her friend already enrolled there. Pinky got information upon available courses and decided for admission in software course such as Tally ERP 9 with GST and continued with soft skill, motivational and smart classes simultaneously with course syllabus. Her trade faculty Mr. Ankit Kumar & other teachers have encouraged her, explained about course material as well as related job areas and support for job/self employment. After completion of the course of Tally ERP 9, Placement Coordinator and other staffs of RTC Dhanbad have helped her to find job. She attended personality development classes, went through mock interviews and prepared herself sincerely. All these helped Pinky to get rid of hesitation and to make better effort to get a job. Finally she was selected as Computer-cum-Data Entry Operator by C.P.W.D Dhanbad. Now she earns Rs. 10,000 per month for her and her family. Pinky is happy with this development and thankful to RTC Dhanbad.



## संघर्ष आजीविका का

धनबाद निवासी श्री नरेश सिंह की बेटी पिंकी सिंह की उम्र 22 वर्ष है. वह अपने माता–पिता और एक भाई के साथ रहती है. उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है. रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र–धनबाद में दाखिला लेने के साथ वह स्कूली बच्चों को ट्युशन भी पढ़ाती थी. रो० प्र० केन्द्र के बारे में वहां पढ़ने वाली एक दोस्त से उसे जानकारी मिली थी. उपलब्ध पाठ्यक्रमों का पता करने के बाद पिंकी ने सॉफ्टवेयर कोर्स टैली ईआरपी 9 (जीएसटी सहित) में नामांकन लिया और सॉफ्ट स्किल, मोटिवेशनल–स्मार्ट क्लासेज के साथ पढ़ाई जारी रखा. ट्रेड फैकल्टी श्री अंकित कुमार एवं अन्य शिक्षकों से उसे प्रोत्साहन मिला. उन्होंने पाठ्यक्रम सामग्री समझने में मदद के साथ सम्बन्धित कार्य क्षेत्र और रोजगार/स्वरोजगार में सहयोग की जानकारी भी दिया. टैली ईआरपी 9 कोर्स खत्म होने पर रो० प्र० केन्द्र–धनबाद के नियोजन समन्वयक व अन्य कार्यकर्ताओं की ओर से पिंकी को काम पाने में मदद मिली. उसे व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी कक्षाओं में शामिल किया गया, मॉडल साक्षात्कार हुए और उसमें एक किस्म की संजीदगी आयी. ऐसी गतिविधियों से उसका आत्मविश्वास बढ़ा और काम पाने के लिए उसने बेहतर प्रयास किया. अंततः पिंकी सिंह का चयन सीपीडब्लूडी, धनबाद में कंप्यूटर–सह–डेटा ऑपरेटर के पद पर हो गया और उसका मासिक वेतन 10,000 रु० है. पिंकी इस पूरे घटनाक्रम से खुश है और रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र–धनबाद के प्रति कृतज्ञता जाहिर करती है.

परिकल्पना : श्री गिरिजा सतीश
प्रस्तुति : विनय भट्ट
नव भारत जागृति केन्द्र, संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित
दूरभाषः +91 9431140385, +91 9835751159
ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinay.bhatta@nbjk.org